## खबर संक्षेप

### कोलड्रिप एवं नेस्ट्रो-डीएस सस्पेंशन की बिक्री पर लगाई रोक

**मैहर।** मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में 9 मासूम बच्चों की मौत के बाद मैहर में दो कफ सिरप की ब्रिक्री पर रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने कोलड्रिफ और नेस्ट्रो-डीएस सस्पेंशन की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। यह प्रतिबंध बच्चों में किडनी फ़ेलियर के मामलों के बाद लगाया गया है। औषधि निरीक्षक प्रियंका चौबे ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इस संबंध की जानकारी देते हुए सीएमएचओ डॉ.एलके तिवारी ने बताया कि मैहर जिला में इन दोनों सिरपों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। ये दवाएं सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध नहीं हैं लेकिन निजी दवा दुकानों पर इनकी बिक्री पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। कफ सिरप में डायएथिलीन ग्लायकॉल जैस तत्व इन कफ सिरपों के प्रयोगशाला परीक्षण में दिए गए थे जिसके बाद आए गंभीर परिणामों के कारण ड्रग इंस्पेक्टर ने औषधि एवं सौंदर्य सामग्री अधिनियम 1940 की धारा 22(1)(डी) के तहत इनकी बिक्री पर रोक लगाई है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों,चिकित्सकों और मेडिकल स्टोर संचालकों को प्रतिबंधित सिरपों का उपयोग या वितरण न करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही परिजनों को सलाह दी गई है कि वे बच्चों का इलाज केवल सरकारी अस्पतालों में कराएं और बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवा न दें। विभाग ने यह भी कहा है कि दवाइयों को बच्चों की पहुंच से दूर सुरक्षित स्थान पर रखें और बताई गई खुराक से अधिक मात्रा में न दें। बताया जा रहा है कि डायएथिलीन ग्लायकॉल जैसे जहरीले तत्व पाए गए हैं जिसके उपयोग से तत्वों के सेवन से बच्चों की किडनी फ़ेल हो गई,जिससे अब तक 9 बच्चों की जान जा चुकी है कई बच्चे अभी भी अस्पतालों में भर्ती हैं।ये सिरप बच्चों को सर्दी-खांसी और बुखार के इलाज के लिए दी जाती है।

### खेर माता मंदिर प्रांगण पिपरा कला में 38 वां विशाल भंडारा संपन्न

**मैहर।** पिपरा सेवादल बिरादरी संस्थान ग्राम पिपरा कला सचिव एवं वरिष्ठ समाजसेवी कामता प्रसाद मिश्र के कुशल आयोजन में ग्राम पिपरा कला मैहर दशहरे के दूसरे दिन प्रत्येक वर्ष एकादशी को खेर माता मंदिर प्रांगण में 38 वां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ समाज सेवी अरुण तनय मिश्र ने बताया कि उक्त भंडारे का आयोजन विगत 38 वर्ष पूर्व प्रारंभिक शुरुआत कामता प्रसाद मिश्र मोहम्मद हनीफ स्वर्गीय भुल्लू चौधरी श्यामलाल कुशवाहा रामचरण कुशवाहा द्वारा की गई थी।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत दो दिवसीय प्रवास पर सतना पहुंचे, मैहर में किए मां शारदा के दर्शन



**सतना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ.मोहन भागवत शनिवार को दो दिवसीय प्रवास पर सतना पहुंचे। अपने प्रवास की शुरुआत उन्होंने मैहर से की,जहां उन्होंने सबसे पहले मां शारदा के दर्शन किए। मैहर के बाद,डॉ.भागवत पतौरा गांव गए,जहां उन्होंने प्रांत प्रचारक बृजकांत चतुर्वेदी के आवास पर दोपहर का भोजन किया और चतुर्वेदी परिवार से मुलाकात भी की। पतौरा से संघ प्रमुख सीधे सतना पहुंचे और उतैली स्थित सरस्वती आवासीय विद्यापीठ परिसर में ठहरे। शाम 4 बजे के बाद,उन्होंने एक बौद्धिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में उन्होंने संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में निकले विस्तारकों और प्रचारकों को संबोधित किया और रात्रि विश्राम आवासीय विद्यापीठ परिसर में ही किया।



**रविवार को संत समागम सभा को करेंगे संबोधित**

रविवार 5 अक्टूबर को सिन्धी कैंप नगर में बाबा दयाल दास चौक स्थित बाबा मेहर शाह दरबार के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण डॉ.मोहन भागवत और वरिष्ठ संत समाज के कर-कमलों से संपन्न होगा। इस अवसर पर बीटीआई ग्राउंड, रीवा रोड पर आयोजित संत समागम सभा को पूज्य संत समाज और मोहन भागवत संबोधित करेंगे।

# डीजे बजाने से मना करने पर गोलीबारी संचालक गंभीर हालत में रीवा रेफर



**सतना।** डीजे संचालक अंकुर गुप्ता को शनिवार को दिनदहाड़े गोली मार दी गई। यह सनसनीखेज वारदात कोलगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखन चौराहा पर हुई। गंभीर रूप से घायल अंकुर गुप्ता को तत्काल रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है,जहां उनकी गोली कंधे में फंसी हुई है। यह घटना डीजे नहीं बजाने को लेकर हुए विवाद का परिणाम बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार,24 वर्षीय अंकुर गुप्ता टिकुरिया टोला के निवासी हैं। शुक्रवार रात दुर्गा विसर्जन कार्यक्रम के बाद,बजरहा टोला के कुछ युवकों ने उन पर डीजे बजाने का दबाव बनाया।अंकुर ने प्रशासनिक अनुमति न होने का हवाला देकर मना कर दिया,जिसके बाद विवाद बढ़ गया था।

### हमलावर फरार, पुलिस जांच में जुटी

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,शनिवार को काले रंग की अपाचे बाइक पर सवार तीन युवक लखन चौराहा पहुंचे और सीधे अंकुर गुप्ता पर फायरिंग कर दी।गोली उनके सीने में लगी,जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि आरोपी सिटी कोतवाली क्षेत्र के बजरहा टोला के निवासी हैं।घटना की सूचना मिलते ही कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी और





सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने अंकुर की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हमलावरों की तलाश तेज कर दी है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से शहरवासियों में दहशत का माहौल है।

# दो दिन से बारिश का दौर जारी, पारा 2 डिग्री गिरा; धान की फसल को मिलेगा फायदा

**सतना।** जिले में शुक्रवार दोपहर से शुरू हुई बारिश शनिवार को भी रुक-रुक कर जारी रही। रिमझिम और कहीं तेज बरसात ने लोगों को गर्मी और उमस से बड़ी राहत दी है। यह बारिश धान की फसल के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होगी। मौसम विभाग के अनुसार,यह मानसून की आखिरी तेज बारिश हो सकती है और अगले सप्ताह रीवा संभाग से मानसून की वापसी की संभावना है।

### अधिकतम तापमान में गिरावट

शनिवार सुबह जिले का अधिकतम तापमान 2 डिग्री गिरकर 30.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जो सामान्य से ढाई डिग्री कम है। वहीं,बादलों के कारण न्यूनतम तापमान आधा डिग्री बढ़कर 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिला मुख्यालय में सुबह तक सवा इंच बारिश रिकॉर्ड की गई।

### पिछले साल से 10 इंच ज्यादा बारिश

इस सीजन में 1 जून से 3 अक्टूबर तक सतना जिले में 42.1 इंच और मैहर जिले में 42.0 इंच औसत बारिश हो चुकी है,जो पिछले साल की तुलना में करीब 10 इंच ज्यादा है। जिले में सबसे ज्यादा बारिश नागौद में (53 इंच) और सबसे कम जसो में (22 इंच) दर्ज हुई है।

### बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के पूर्वी मध्य प्रदेश की ओर बढ़ने के कारण ही सतना और रीवा संभाग में तेज बारिश हो रही है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि शनिवार को बारिश का दौर जारी रहेगा,जबकि रविवार से मौसम साफ होने लगेगा।

# पन्नीलाल चौक में भावनाओं से भरा भरत मिलाप देखकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**सतना। 129वें श्री बिहारी रामलीला समाज द्वारा पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ के तत्वावधान में पन्नीलाल चौक में "भरत मिलाप' का हृदयस्पर्शी मंचन हुआ,जिसने सभी दर्शकों के हृदयों को भक्ति और प्रेम से सराबोर कर दिया। भरत और प्रभु श्रीराम के 14 वर्षों बाद हुए मिलन के अलौकिक दृश्य को देखकर हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालु दर्शक भाव-विभोर हो उठे।**

मंचन के दौरान,प्रभु श्रीराम की वापसी का इंतज़ार करते-करते भावविह्वल हुए भरत ने जैसे ही श्रीराम के चरणों को पकड़कर अश्रुधारा बहाई,पूरा वातावरण भावनाओं से भर गया। दोनों भाइयों के गले मिलते ही भरत का श्रीराम के प्रति अटूट प्रेम और त्याग देखकर दर्शकों की आँखें नम हो गईं। पूरा मैदान "जय श्रीराम' के गगनभेदी उद्घोषों,शंखनाद और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि से गूंज उठा। चारों ओर भक्ति,उत्साह और भावनाओं का अद्भुत संगम दिखाई दिया। दर्शकों ने तालियों और जयघोष के साथ अपनी श्रद्धा व्यक्त की। श्री बिहारी रामलीला समाज की इस सजीव प्रस्तुति ने रामायण के आदर्श भाईचारे,प्रेम और त्याग की अमर गाथा को पुनः स्थापित किया।

### प्रमुख अतिथियों और अपील

इस भव्य आयोजन में महंत बृजेन्द्र कुमार दुबे,सह महंत शैलेन्द्र कुमार दुबे,समन्वयक हरि प्रकाश गोस्वामी,श्री बिहारी रामलीला समाज के अध्यक्ष रविशंकर गौरी,महामंत्री राजेश चतुर्वेदी सहित समाज के अन्य सदस्य तथा पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ से अध्यक्ष नवीन गुप्ता (मुन्ना भाई),महामंत्री हेमन्त जैन,कोषाध्यक्ष सीए करण चौरसिया एवं अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन श्याम लाल गुप्ता (श्यामू) और हेमन्त जैन ने किया,जिसके अंत में पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता (मुन्ना भाई) ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# एकेएस विश्वविद्यालय ने एआईयू राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में दिखाया शानदार प्रदर्शन

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज-AIU) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर 2025 तक मेडिकैप्स विश्वविद्यालय,इंदौर में आयोजित की गई। टीम ने कोच सुनील पांडे (क्रीड़ा अधिकारी) और प्रबंधक डॉ.वीरेन्द्र कुमार पांडे (उप डीन,छात्र कल्याण) के कुशल मार्गदर्शन में छापे (रेड), चकमा (डोज), पकड़ (कैच) और रोके जाने (टैकल) जैसी कबड्डी की प्रमुख तकनीकों में उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। टीम



कप्तान अनुज हरिजन के नेतृत्व में और मार्गदर्शक अनुराग पांडे के दिशानिर्देशन में खिलाड़ियों ने शानदार रक्षण रणनीति और चतुर छापेमारी का प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष 4 अक्टूबर 2025 को पूर्व-चतुर्थांश (प्री-क्वार्टर फाइनल) तक पहुँचने में सफलता प्राप्त की।

विश्वविद्यालय के उच्च पदाधिकारियों- कुलाधिपति बी.पी.सोनी,प्रति-कुलाधिपति अनंत कुमार सोनी, कुलपति प्रोफेसर बी.ए.चोपड़े,प्रति-कुलपति डॉ.हर्षवर्धन,तथा कुलसचिव डॉ.आर.एस.त्रिपाठी ने टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए क्रीड़ा विभाग और खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दीं।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय आने वाले आयोजनों में भी इसी प्रकार मैदान पर सजगता,समन्वय और दल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा और विश्व विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगा।



# प्रिज्म सीमेंट कॉलोनी में विधायक विक्रम सिंह ने की माँ दुर्गा की पूजा एवं आरती

**सतना। प्रिज्म सीमेंट कॉलोनी में शारदीय नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर माँ दुर्गा की भव्य आरती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर बाघेलान के विधायक विक्रम सिंह उपस्थित हुए और आरती में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।**

अतिथियों का स्वागत डॉ.मनीष कुमार सिन्हा,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स),प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा पुष्पगुच्छ एवं साल व श्रीफल से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और देवी स्तुति के साथ हुई। कंपनी के डीजीएम-सीएसआर एंड पब्लिक रिलेशन देवेन्द्र मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि इस अवसर पर कॉलोनी परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत रहा और "जय माता दी" के जयघोष से गूँज उठा। बड़ी संख्या में निवासी, कर्मचारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। महिलाएं और बच्चे पारंपरिक पोशाक में सज-धज कर भक्ति गीतों की ताल पर सामूहिक नृत्य कर रहे थे,वहीं बच्चों और युवाओं ने देवी स्तुति के मधुर संगीत के साथ उत्सव में उल्लास और ऊर्जा का माहौल बना दिया।

विधायक विक्रम सिंह ने प्रबंधन और आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक हैं,बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। प्रिज्म सीमेंट प्रबंधन ने अपने संदेश में कहा कि "कंपनी सदैव सामाजिक,धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहित करती रही है और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में पूर्ण सहयोग देती रहेगी।"

आरती उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मनीष कुमार सिंह (प्रेसीडेंट एंड प्लांटहेड),डॉ.मनीष कुमार सिन्हा (सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स),विनोद श्रीवास्तव (सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, एमआरएम एंड माइनिंग) प्रवीण श्रीवास्तव (सीनियर वाइस प्रेसीडेंट-टेक्निकल हेड यूनिट 2), ओ.पी.वर्मा (वाइस प्रेसीडेंट-हेड इंजीनियरिंग एंड टी यूस), असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट, सेक्युरिटी एंड एडमिन कर्नल मनीष प्रसाद सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

# छाप छोड़ गया विद्युत विभाग का गरबा महोत्सव कार्यक्रम



**सतना। विद्युत विभाग के तत्वाधान में स्थानीय श्रम कल्याण केंद्र,प्रेमनगर में विद्युत विभाग महिला मण्डल द्वारा गरबा महोत्सव 2025 का शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस महोत्सव में विभाग की महिला अधिकारियों,कर्मचारियों सहित उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला मण्डल की श्रीमती मांडवी मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारी पिछले 10 दिनों से चल रही थी। विभाग से संबंधित प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान गरबा, डांडिया के साथ-साथ बच्चों के डांस और गीतों की भी प्रस्तुति हुई।**

### मुख्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रहीं। कार्यक्रम के जबरदस्त उत्साह को देखते हुए मंत्री स्वयं महिलाओं के साथ गरबा में शामिल हुईं और प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।इससे पहले,सतना के अधीक्षण अभियंता पी के मिश्रा ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया।मंत्री प्रतिमा बागरी ने अपने संबोधन में विद्युत विभाग मुखिया सहित सभी प्रतिभागियों की जमकर तारीफ की। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अभियंता श्रीमती प्रमा पाण्डेय ने भी सतना के विद्युत विभाग द्वारा आयोजित इस पहल की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन पर जोर दिया। कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार और भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती पाण्डेय भी उपस्थित रहे। अधीक्षण अभियंता पी के मिश्रा सहित कार्यपालन अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव (शहर),राजकुमार पाण्डेय,रत्नेश सिंह,पंकज द्विवेदी,और शिवम खरे ने चुन्नी और बुके द्वारा अतिथियों का स्वागत किया।

### सम्मान और समापन

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी राजेश दुबे और एजुकेशन सोसाइटी के प्रमोद तिवारी सपरिवार उपस्थित रहे,जिनका स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम के अंत में,अधीक्षण अभियंता पी के मिश्रा और श्रीमती मांडवी मिश्रा सहित उपस्थित अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए श्रीमती मांडवी मिश्रा को विशेष स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत सहायक अभियंता कुलदीप मिश्रा,अवनीश पाण्डेय,विकास द्विवेदी और कनिष्ठ अभियंता अजय दुबे,हाकिम सिंह ने भी किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों में सहायक अभियंता विजय लक्ष्मी द्विवेदी,बृजेंद्र त्रिवेदी,हाकिम सिंह,अनूप त्रिपाठी,ऋषॉल पाण्डेय,और विकास मिश्रा शामिल थे,जिन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता जी डी त्रिपाठी, कर्मचारी नेता पी सी श्रीवास्तव,मनीराज विश्वकर्मा,डी आर सिंह,आर पी तिवारी आदि भी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर सुरेष कुमार का कार्यकाल पन्ना जिले के लिए किये गये कार्यों व विकास की सोच तथा माफियाओं की मनमानी पर नकेल को लेकर सदैव जाना जायेगा

**पन्ना में सारे त्यौहार बड़े उत्साह के साथ मनाये जाते है, यहां के लोग श्रृद्धाभाव से सब मिलकर कार्य करते हैं -तत्कालीन कलेक्टर सुरेश कुमार**

**जिले में उद्योगिकीकरण की जरूरत वहीं अजीविका मिशन से भी विकास की दिशा ग्रामीण क्षेत्रों तक तय होने की संभावनायें**

**तत्कालीन कलेक्टर सुरेश कुमार की स्वयं की सोच के चलते जहां कुपोषित बच्चों को पोषित करने की दिशा जीवन संवारने के लिए जाना जायेगा**

**कथित माफियाओं से व्यक्तिगत कोई द्वेष नहीं न्यायपूर्ण कार्यवाही पर विश्वास बताया**

**मृतक जगोला गोड़ की अंधी पत्नी मल्लन बाई तथा उसकी दोनों पुत्रियों के नाम वास्तविक जमीन कर दी गई**



**पन्ना।** जिले में कलेक्टरों के कार्यकालों को सदैव याद किया जाता है। इसी क्रम में पन्ना जिले से स्थानांतरित होकर कलेक्टर सुरेष कुमार जो प्रमोषन की राह तय करते हुए कमिष्नर के पद पर जाने वाले तत्कालीन पन्ना कलेक्टर का कार्यकाल भी इतिहास के रूप में सदैव चर्चा के साथ सदा के लिए यादगार बन गया। आपसे हरिभूमि से सीधी बात करते हुए पन्ना जिले में विकास की दिषा जो तय की गई है उसके बारे में भी चर्चा की वहीं पन्ना के भावी भविष्य के बारे में भी जहां आपकी सोच को जाना जो दिषा दी गई। सादगी के साथ सकारात्मक सोच के धनी कलेक्टर सुरेष कुमार का कार्यकाल पन्ना में जहां विषेष कुछ कार्यों से अमिट छाप छोड़ रहा है। जिनमें ककरहटी नगर पंचायत में अतिक्रमण हटाना सड़क चैड़ीकरण वहीं यह मार्ग गुनौर तक भी जाता है जहां अतिक्रमण हटाया गया। गुनौर में भी शासकीय जमीन खाली कराई गई। वहीं पन्ना जिले की विकास में रूंझ डेम व मझगांय डेम जो बंद पड़े थे उनके कार्य को आंरभ कराया गया। जो आज पूर्णतः की ओर दिषा तय कर रहे है जो पन्ना के विकास में सदैव के लिए साक्षी होगें। वहीं पन्ना नगर की सड़को का चैड़ीकरण डायमण्ड चैक में अतिक्रमण हटाया गया तथा मदर टैरेसा हॉस्पिटल से लेकर सत्यम पैलेस तक सड़क में ही सौंदर्यीकरण की दिषा तय की गई। पर्यटन के क्षेत्र में आपको मध्य प्रदेश में सम्मान से नवाजा गया। पन्ना जिले में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर वहीं आपकी सोच जिले में पंचायत स्तर पर जनसुनवाई को लेकर सदैव जानी जायेगी। वहीं आने वाले समय में आपकी प्लानिंग भले ही अधूरी रह गई लेकिन दिषा दे रही है जो ऑनलाईन वीडियो कॉन्फ्रेंसिग जनसुनवाई के दिन कलेक्टर कार्यालय से जोड़ने को लेकर मानी जा रही थी। जिससे आम आदमी की समस्याओं के निदान में अधिकारियों की जिम्मेदारी समय के साथ तय हो सके। यह भले ही सपना ही रह गया पर पंचायतों में जनसुनवाई हर मंगलवार को जो वास्तविकता में होने लगी यह आपकी कार्यप्रणाली का परिणाम मानी जा रही है। वहीं पन्ना जिला मुख्यालय में जुगुल किषोर लोक का कार्य शुरू हुआ जो आगे भी होना है वहीं आपके द्वारा जुगुल किषोर मंदिर में पहुंचने वाले दर्षानार्थियों के वाहन को लेकर पार्किंग की व्यवस्था भी नगर पालिका के लिए आपके द्वारा इलाट की गई। साथ ही थोक सब्जीमण्डी की जगह भी सुनिष्चित की गई। वहीं पार्क एवं पर्यटन स्थल किलकिला नदी के पास भी सदैव के लिए जाना जायेगा। गीता भवन के लिए भी जगह चिन्हित वहीं कचरा प्रसंसकरण के लिए भी ग्राम सिमरा में जगह चिन्हित की गई। बस स्टैण्ड के लिए डीपीआर बनवाने की दिषा अहम मानी जा रही है। अजयगढ़ बाईपास जिला मुख्यालय में फोरलाईन को लेकर जाना जायेगा। सबसे बड़े विकास को लेकर रेलवे का सपना पन्ना से सतना को लेकर अगले छः माह में तथा खजुराहो से पन्ना को जोड़ने के लिए लगभग डेढ़ वर्ष में रेलवे का ट्रायल सुनिश्चित माना जा रहा है। क्योंकि आपके द्वारा भू-अर्जन की कार्यवाही को अंजाम दिया जा चुका है। पन्ना को लेकर आपकी राह यहां के सारे त्यौहार उत्साह के साथ मनाये जाते है बहुत ही अच्छा जिला है यहां के लोग श्रृद्धाभाव से त्यौहारों में सबमिलकर कार्य भी करते है। जो बहुत अच्छा है। पन्ना के विकास को लेकर उद्योगिकीकरण की जरूरत आज भी मानी जा रही है। वहीं इसकी शुरूआत डायमण्ड पार्क से तय होने जा रही है। लगभग साढ़े चौदह करोड़ से इसका आरंभ होना माना जा रहा है। पन्ना जिले की ग्रामीण क्षेत्र के विकास में विषेषतौर पर महिला स्वसहायता समूहों के तहत अजीविका मिषन के माध्यम से विकास के आयाम भी तय होने को लेकर माना जा रहा है। वहीं कलेक्टर सुरेष कुमार की सोच जो स्वयं की सामने आई है जो सदैव के लिए जानी जायेगी। आपके द्वारा पन्ना में जहां कुपोषित बच्चों को लेकर चिन्हित करते हुए महिला बाल विकास व स्वास्थ्य विभाग के समन्वय के साथ अनुमानित दो हजार 1800 सौ कुपोषित बच्चों को परखते हुए उन्हें पोषित करने को लेकर जहां तत्परता से एनआरसी में उनकी माताओं के साथ पोषण की राह जो तय की गई जिसमें आपके द्वारा जो तत्परता दिखाई गई आज लगभग 150 बच्चे कुपोषित से बाहर निकलकर पोषित बच्चों को लेकर जाने जा रहे है। यह कार्यप्रणाली विगत जून माह से पटल पर तत्परता से लाई गई। जहां कुपोषित बच्चों की माताओं को एक हजार रूपये इलाज के दौरान भी देने की बात बताई गई इतना ही नहीं पोषण के लिए विषेषतौर पर जहां आवष्यक सामग्री पर भी गौर किया गया। जिससे कहीं न कहीं इस जिले में यह जो कुपोषित बच्चों को पोषित करने के लिए जो अभियान के रूप में कलेक्टर की सोच के चलते अंजाम तय किया जा रहा था। जिससे कही न कहीं परिणाम भी सामने आने लगे। इसके पहले एनआरसी आदि में सभी जगह बेड खाली पड़े रहते थे पर यहां लक्ष्य के साथ कुपोषित बच्चों को पोषित करने के लिए जो दिषा तय की गई वह शायद आगे भी जानी जायेगी। जो बच्चों के भविष्य व जीवन बचाने को लेकर महत्वपूर्ण कार्य आपका माना जा रहा है। वहीं पन्ना जिले में आपके कार्यकाल के दौरान स्वयं राजस्व विभाग में भी जहां जिम्मेदार अधिकारियों की कमी जैसे डिप्टीकलेक्टर व तहसीलदार के मानी जा रही थी वहीं कई विभाग प्रमुखों के पद भी खाली रहे। जैसे खाद्य विभाग आदि फिर भी यहां की प्रमुख समस्या जो सहकारिता की उचित मूल्य की दुकानों से समय पर लोगो को राषन नहीं मिलता जिस पर आपने सुनिष्चित करवाया। समय पर हर माह राषन जो आज मिलने लगा वह आपकी देन मानी जा रही है कार्यप्रणाली के चलते इतना ही नहीं जहां कथितौर पर माफियाओं से व्यक्तिगत कोई द्ववेष नहीं पर माफियाओं को बख्शा नहीं गया। गरीबों को उनकी जमीन वापिस दिलाई गई उदाहरण के तौर पर मृतक जगोला आदिवासी की जमीन जो श्रीकांत दीक्षित व अनुपम त्रिपाठी के नाम हो चुकी थी वह जमीन आपने मृतक जगोला आदिवासी पत्नी जो आंखों से अंधी है मल्लन बाई व उसकी दोनों पुत्रियों के नाम वास्तविक रूप में जमीन कर दी गई। यह न्यायपूर्ण कार्यवाही का एक बड़ा उदाहरण है। गौरतलब बात यह है कि पन्ना जिले में तत्कालीन कलेक्टरों की कार्यप्रणाली जिस तरह से सदैव आज भी जानी जाती है उसी तरह कलेक्टर सुरेश कुमार का कार्यकाल भी पन्ना जिले के लिये इतिहास के रूप में साक्षी बना जो सदैव के लिये आपकी कार्यप्रणाली के चलते जो विकास के आयाम तय हुये व आगे होंगे वह भी जाने जायेंगे। यहां जिला प्रषासन के मुखिया के नाते कलेक्टरों की कार्यप्रणाली जो अपने आप में जिले के विकास में अहम योगदान को लेकर मानी जाती है वह आपकी सोच व कई कार्यों से भी जानी गई तथा आगे भी हमें दिशा दे गई। अब आगे विकास की राह वर्तमान पदभार संभाल चुकी पन्ना जिले की कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार की सोच व कार्यप्रणाली से जानी जायेगी।

## खबर संक्षेप

### आकाशवाणी छतरपुर द्वारा कवि गोष्ठी का प्रसारण 6 अक्टूबर को



**पन्ना।** प्रसार भारती, आकाशवाणी छतरपुर द्वारा रसावतरण के अन्तर्गत कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका संचालन पन्ना नगर के सुप्रसिद्ध रचनाकार डॉ. सुरेश सौरभ ने किया। कवि गोष्ठी का प्रसारण 6 अक्टूबर दिन सोमवार को सुबह 10.30 से होगा जिससे नितेश पटेल, शैलेन्द्र खरे सोम, सुश्री दीपाली पाण्डेय दीया एवं डॉ.सुरेश श्रीवास्तव सौरभ का काव्य पाठ होगा। विगत 39 वर्ष से निरन्तर सौरभ की कविताओं का प्रसारण आकाशवाणी छतरपुर से हो रहा है, आकाशवाणी के अलावा समय समय पर दूरदर्शन एवं निजी टी वी चैनल से भी कविताएं प्रसारित होती हैं। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में सुरेश सौरभ की जहाँ वीर रस के कवि के रूप में पहचान है वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मंच संचालक के रूप में भी पहचान है।

### वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत ही कुएं में गिरे जंगल सुअर को सुरक्षापूर्वक बाहर निकाला गया



**अजयगढ़।** वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह (01से07 अक्टूबर) अंतर्गत ग्राम माझपटिया बीट अंतर्गत कुएं मे गिरे वन्यप्राणी जंगली सुअर को सुरक्षा श्रमिक एवं ग्रामीणों की सूचना पर कुएं से बाहर सुरक्षापूर्वक निकालकर जंगल की ओर भेजा गया। उक्त कार्यवाही पंकज द्रुबे वन परिक्षेत्र अधिकारी अजयगढ़ के मार्गदर्शन में मुकेश रैकवार परिक्षेत्र सहायक अजयगढ़, अयाज खान बीटगार्ड मझपटिया, अनिल राजपूत बीटगार्ड धवारी एवं रमेश अहिरवार समिति सुरक्षा श्रमिक तथा स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### 4 वर्षीय बच्ची की मौत की जॉच हेतु 4 समिति गठित

**दमोह।** 29 सितम्बर को कु. मीनाक्षी लोधी उम्र 4 वर्ष 06 माह अज्ञात कीडे के काटने से जिला चिकित्सालय दमोह में भर्ती हुई थी एवं उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने पर मृतिका के पिता पूरन सिंह लोधी द्वारा प्रस्तुत शिकायती आवेदन में लगाये गये आरोपों की निष्पक्ष जॉच हेतु 04 सदस्यीय जॉच समिति गठित की गई है इस समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, महिला बाल विकास अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, मेडीशन विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय डॉ. विजय पथोरिया को शामिल किया गया है।

### दबंग उपसरपंच पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**जबेरा।** जबेरा पुलिस थाना अंतर्गत कोरता माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक सुख सिंह ठाकुर ने दमोह एसपी कार्यालय पहुंच कर ग्राम के दबंग उपसरपंच दिनेश राय पर जान से मारने की धमकी देने व जातीय अपमान करने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र देकर प्रधान अध्यापक ने सुरक्षा की मांग की है। यदि उनके साथ कोई अनहोनी होती है तो उसका जिम्मेदार उपसरपंच को माना जाये। गौर हो कि शाला में कंप्यूटर कक्षा का ताला तोड़कर उसमें रखी सामग्री ले जाने व अन्य कक्षों में भी उपयोग करने संबंध नामजद शिकायत जबेरा थाना में करने के बाद कोई कार्यवाही न होने से प्रधान अध्यापक हतोत्साहित है। वहीं उपसरपंच ने उन्हे धमकी दे डाली जिससे नामजद शिकायत एसपी कार्यालय में देकर सुरक्षा की मांग की है।

# खेत में करंट की चपेट में आने से बहु -ससुर की दर्दनाक मौत

**सुबह 9 बजे चारा काटने गए थे खेत, फसल सुरक्षा की जाली में फैल गया था करंट**



**शाहनगर। क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 9 बजे एक दर्दनाक हादसे ने सभी को झकझोर दिया। खेत में चारा काटने गए एक परिवार की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना शाहनगर क्षेत्र के नदी पार के हार की बताई जा रही हैं, जहाँ पति-पत्नी रज्जु साहू एवं उनकी बाहु आशाबाई सुबह करीब 9 बजे खेत पर पहुँचे थे। परिजनों के अनुसार, खेत में सुरक्षा के लिए लगाई गई लोहे की जाली पर अचानक एक विधुत तार गिर गया, जिससे पूरी जाली में करंट फैल गया था।**

घटना के समय आशाबाई खेत में चारा काट रही थीं, तभी उनका हाथ जाली से टकरा गया और वह करंट की चपेट में आ गईं। जैसे ही उन्होंने चीखकर मदद के लिए पुकारा,ससुर रज्जु शाहू उन्हें बचाने के लिए दौड़े कृ लेकिन बाहु को छुड़ाने के प्रयास में वह स्वयं भी करंट की चपेट में आ गए। मौके पर मौजूद ग्रामीण जब तक पहुँचे,जिसके पश्चात एम्बुलेंस की मदद के लिए कॉल किया परन्तु कोई मदद नहीं मिली तो फिर निजी ऑटो से लेकर सामुदायिक स्वस्थ केंद्र शाहनगर लाया गया। तब तक दोनों की ही दर्दनाक मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर छा गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही पुलिस एवं बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुँचे और जांच शुरू की। ग्रामीणों ने घटना को लेकर विधुत विभाग की लापरवाही पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि खेतों के ऊपर से गुजरने वाली विद्युत तारें काफी नीचे झूल रही हैं, जिसकी शिकायत कई बार की गई थी, लेकिन समय रहते ध्यान नहीं दिया गया।परिजनों का अस्पताल मे विरोध बढ़ता देख मोके पर शाहनगर का पुलिस बल मोके पर पंहुचा एवं परिजनों को समझाइस दी जिसके पश्चात पुलिस ने शवों को पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है तथा मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है।

# दुर्गा विसर्जन में टला बड़ा हादसा, चौकी प्रभारी चन्दौरा की बहादुरी ने बचाई युवक की जान

अजयगढ़





मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के दौरान एक बड़ा हादसा टल गया, जब नहर के तेज बहाव में बह रहे युवक को चैकी प्रभारी की सूझबूझ और साहस ने नया जीवन दे दिया। यह दिल दहला देने वाला वाकया बांदा जिले के नारायणी तहसील के नहरी गांव में हुआ, जहां मूर्ति विसर्जन के दौरान कुलदीप कुमार गौतम (पिता रामस्वरूप गौतम) नहर के तेज बहाव में फंसकर डूबने लगा।

**पुलिस अधिकारी की सूझबूझ और साहस-**

हजारों की भीड़ तमाशबीन बनी रही, लेकिन चैकी प्रभारी आनंद मोहन मिश्रा ने अपनी जान की परवाह न करते हुए तुरंत नहर में छलांग लगा दी। अपनी बहादुरी और त्वरित कार्रवाई से उन्होंने कुलदीप को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस घटना ने न केवल एक जिंदगी बचाई, बल्कि पुलिस सेवा की मिसाल भी कायम की।

**ग्रामवासियों ने की प्रशंसा, सरपंच ने किया सम्मान का ऐलान-**

चन्दोरा ग्राम पंचायत के सरपंच राम खिलावन ने चैकी प्रभारी आनंद मोहन मिश्रा के इस साहसी कदम की सराहना की और उन्हें सम्मानित करने की घोषणा की। समस्त ग्रामवासियों ने भी उनके इस मानवतापूर्ण कार्य के लिए आभार प्रकट किया।

**पिता का भावुक आभार-**

युवक के पिता रामस्वरूप गौतम ने चैकी प्रभारी से गले मिलकर रोते हुए उनका तहेदिल से आभार जताया। उन्होंने कहा, ष्आनंद जी ने मेरे बेटे को नया जीवन दिया है। हम उनके इस उपकार को कभी नहीं भूलेंगे।

**फर्ज से बढ़कर मिसाल-**

यह घटना साबित करती है कि सच्ची ड्यूटी और मानवता का जज्बा किसी भी परिस्थिति में जिंदगियां बचा सकता है। चैकी प्रभारी आनंद मोहन मिश्रा की इस बहादुरी ने न केवल एक परिवार को खुशी लौटाई, बल्कि समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण भी पेश किया।

# समस्त राजस्व अधिकारी एक माह में अधिकतम लंबित प्रकरणों का सुनिश्चित करें निराकरण- कलेक्टर



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने कहा है कि सभी राजस्व अधिकारी अभियान चलाकर एक माह में लंबित राजस्व प्रकरणों का अधिकतम निराकरण कर अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें। आम जनता के हित में न्यायोचित निर्णय लिया जाए। विभिन्न स्तर पर जारी होने वाली रैंकिंग में भी सुधार परिलक्षित हो। नवागत जिला कलेक्टर ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई राजस्व आधिकारियों की समीक्षा बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा बैठक में कहा कि किसी भी स्तर पर राजस्व प्रकरण लंबित न रहें। पुलिस अधिकारियों के साथ नियमित समन्वय के जरिए कानून व्यवस्था की स्थिति की मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की जानकारी भी ली। साथ ही सजग रहकर पदीय दायित्वों के निर्वहन तथा राजस्व न्यायालय की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर मूल कार्य पर अनिवार्य रूप से फोकस करने की सलाह भी दी। उन्होंने लंबित प्रकरणों के निराकरण में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही नामांतरण, बंटवारा सहित राजस्व संबंधी अन्य प्रकरणों को अविलंब निराकृत करने के निर्देश भी दिए। सभी राजस्व अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरणों का गहन परीक्षण करने के सख्त निर्देश भी दिए गए।

जिला कलेक्टर द्वारा सायबर तहसील 2.0 की समस्याओं के निराकरण, शासन संधारित मंदिरों की कृषि योग्य भूमि की नीलामी, जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन तथा लोकसेवा गारंटी के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण तथा भू-अभिलेख के डिजिटाईजेशन सहित फॉर्मर रजिस्ट्री एवं स्वामित्व योजना की प्रगति, राजस्व वसूली कार्य तथा ई-केवायसी के लंबित मामलों के निराकरण के लिए निर्देशित किया। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी दिवसों में मतदाता सूची के संभावित गहन पुनरीक्षण कार्य तथा स्थानीय निकायों की मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की पूर्व तैयारी सहित सोयाबीन उत्पादक किसानों के भावांतर योजना में पंजीयन इत्यादि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू द्वारा जिले में बेहतर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत राजस्व व पुलिस अधिकारियों को जरूरी समन्वय के साथ पदीय दायित्वों के गंभीरतापूर्वक निर्वहन की अपेक्षा की गई। साथ ही बाउंडओवर के मामलों में अविलंब जरूरी कार्यवाही, आगामी दिवसों में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक करने तथा 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा पर्व पर पन्ना नगर में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर मधुवंतराव ध्रुर्वे सहित समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

# कोलकरहिया चूना पत्थर खदान; जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड ने स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान मनाया



**पवई।** कोलकरहिया चूना पत्थर खदान, मेसर्स जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड, हट्टा ने भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), जबलपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान मनाया। अभियान के तहत, कोलकरहिया चूना पत्थर खदान के खान का र्यालय क्षेत्र के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इसके अलावा, देवरी, रेकरा और कोलकरहिया सहित आसपास के गाँवों के स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया और एक स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित की। व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथ धोने की आदतों और स्वच्छ परिवेश बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए स्कूली बच्चों के साथ जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए। कर्मचारियों और श्रमिकों में हरियाली और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए खान कार्यालय और परियोजना कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इसके अलावा, गैसाबाद और कचनारी स्कूलों में एक दिन, एक घंटा स्वैच्छिक सफाई अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान, छात्रों को स्वच्छता दूत बनने के लिए प्रेरित करने हेतु उनके साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए। यह अभियान आईबीएम के क्षेत्रीय खान नियंत्रक श्री एस.एस. कुजूर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक चलाया गया। परियोजना प्रमुख श्री देवेंद्र शर्मा, खान प्रमुख श्री विकास कुमार जांगिड़, और जेएसडब्ल्यू हट्टा परियोजना के सभी सदस्य उपस्थित थे और उन्होंने भारतीय खान ब्यूरो की इस पहल को अपना समर्थन दिया।

# एस आई रवि जादौन ने संभाली पुलिस थाना अमानगंज की कमान

**लष्इन आर्डर का होगा पूरी षख्ती से पालन- थाना प्रभारी**



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना की कमान आज एस आई रवि जादौन ने जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश पर संभाली है। और थाना प्रभारी अमानगंज माधवी अग्निहोत्री अमानगंज से गुनौर थाना के लिए स्थानांतरित हो गई हैं। याद हो कि पन्ना जिले का यह अत्यंत संवेदनशील पुलिस थाना है जिसकी नियंत्रण व्यवस्था अत्यंत कठिन होती है। स्थानीय पुलिस थाना प्रभारी से स्थानीय पत्र प्रतिनिधियों ने चर्चा की तो उनका कहना था कि कानूनी व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए हमारे पूरे प्रयास होंगे इसमें कहीं भी कोई चूक नहीं होगी। अवैध शराब, जुआ- सट्टा सहित तमाम आदतन अपराधियो पर पूरी मजबूती से पुलिस की कार्यवाही होगी। याद हो कि एस आई रवि जादौन वर्ष 2022 में पहले भी अपनी सेवाएं अमानगंज पुलिस थाना में दे चुके।

# कलेक्टर ने जरुआपुर पहुंचकर उद्यानिकी फसलों का किया अवलोकन





**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने शनिवार को ग्राम पंचायत मनौर के जरुआपुर गांव पहुंचकर उद्यानिकी फसलों की खेती का अवलोकन किया। उन्होंने परंपरागत खेती के स्थान पर उद्यानिकी फसलों की खेती करने वाले कृषकों से संवाद कर फसल उत्पादन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और स्थानीय कृषकों सुब्रत मलिक, दुर्गा प्रसाद कुशवाहा, मनीराम कुशवाहा, खेमराज कुशवाहा एवं जतिन बढ़ई द्वारा जैविक फसलों के उत्पादन पर सराहना की तथा किसानों के खेत में बैंगन, खीरा, लौकी, परवल और मुनगा एवं पपीता आदि फसलों का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने फसल उत्पादन प्रक्रिया व विधि की जानकारी प्राप्त कर स्थानीय और बाहर के बाजार में इनके विक्रय की जानकारी भी ली। साथ ही कृषि लागत, शुद्ध मुनाफा और फसल उत्पादन में नवीनतम तकनीक के बारे में पूछा। स्थानीय प्रगतिशील किसानों ने जिला कलेक्टर को उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक पद्धति से उद्यानिकी फसलों के उत्पादन की कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया। साथ ही कम पानी के बावजूद मल्चिंग और स्प्रिंकलर पद्धति से सीमित क्षेत्र में अधिक उत्पादन व आर्थिक लाभ के बारे में जानकारी दी। उद्यानिकी कृषक सुब्रत ने खेत में निर्मित तालाब के माध्यम से मत्स्य उत्पादन और भविष्य में अन्य नवीन उद्यानिकी फसलों की खेती प्रारंभ करने के बारे में बताया। इसके अलावा फसल उत्पादन में जैविक खाद के अधिकतम उपयोग तथा इसे तैयार करने सहित ऐलो एवं ब्लू ट्रेप जैसे उपायों की जानकारी भी दी। कलेक्टर श्रीमती परमार ने स्थानीय कृषकों से संवाद कर क्षेत्र के अन्य किसानों को भी जैविक पद्धति से उद्यानिकी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही। इसके अलावा उपजाऊ भूमि तथा दलहनी फसलों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, ग्रामीण उद्यान विकास अधिकारी संजीत बागरी एवं शासकीय उद्यान रोपणी जनकपुर के उद्यान अधीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## डीआईजी पहुंचे गौरिहार थाना, किया निरीक्षण नई बिल्डिंग के लिए प्रपोजल बनाकर भेजने का दिया आश्वासन

**छतरपुर।** युपी की सीमा से लगे हुए गौरिहार थाने का नवागत डीआईजी विजय कुमार खत्री ने शनिवार को पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने 60 बर्ष पहले बने थाने के भवन आरक्षकों के आवासों को देखा तथा थाने के मालखाने का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जो भी कंमिया मिली उन्हें दूर करने के निर्देश डीआईजी ने दिए अपराधों की समीक्षा की तथा रोज नामचा भी चैक किया। इस दौरान उन्होंने कहां की मैने अभी 15 दिन पहले ही चार्ज लिया था और अब धीरे धीरे सभी थानों का निरीक्षण कर रहा हूं। जहां जो भी कंमिया होगी उन्हें पूरा करने के लिए पुलिय मुख्यालय भोपाल प्रस्ताव बनाकर भेजे जाएगे निरीक्षण के दौरान लवकुशनगर एसडीओपी नबीन दुबे थाना प्रभारी संदीप दीक्षित और स्टाफ मौजूद रहा।

## जान बचाइए, पुरस्कार पाइएः राहवीर योजना के तहत किया जा रहा जागरूक



**छतरपुर।** छतरपुर पुलिस ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए राह-वीर योजना के तहत जागरूकता अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों और स्कूलों में गोल्डन ऑवर की अहमियत बताई जा रही है। योजना के तहत घायल को शीघ्र अस्पताल पहुंचाने वाले को शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि और खर्च की प्रतिपूर्ति दी जाती है। शनिवार को यातायात पुलिस ने छतरपुर के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में निजी और व्यावसायिक वाहन चालकों को जागरूक किया। यात्रियों और राहगीरों को भी योजना की जानकारी दी गई। पंपलेट वितरित किए गए। पहले भी दो युवकों ने गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को “गोल्डन ऑवर” में जिला अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई थी, जिसके लिए उन्हें राह-वीर योजना के तहत पुरस्कार के लिए प्रस्तावित किया गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने कहा कि यह योजना मानवता और त्वरित सहायता को बढ़ावा देती है। अभियान के तहत मुख्य और लिंक मार्गों पर जागरूकता कार्य निरंतर जारी है।

## नौ दिन की उपासना के बाद हुई देवी मां की विदाई

**छतरपुर।** 9 दिनों तक आदिशक्ति मां दुर्गा की उपासना के बाद गुरुवार को भक्तों ने विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जित करते हुए विदाई दी। संपूर्ण जिले के चिन्हित जलस्त्रोतों में प्रशासन और पुलिस की चौकस निगरानी के बीच प्रतिमाओं को विसर्जित कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी स्थानों पर प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल के साथ गोताखोरों की टीमों को भी तैनात रहीं। नौगांव क्षेत्र से निकली धसान नदी के गर्रोली घाट पर दिन भर प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर चला। यहां जिला मुख्यालय तक से भक्तों की मंडली प्रतिमाओं को विसर्जित करने पहुंची। डीजे पर देवी मां के विदाई गीत बजाते हुए भक्त घाट पर पहुंचे, जहां प्रतिमाओं की अंतिम आरती उतारकर विधिपूर्वक विसर्जन किया गया। नौगांव तहसीलदार रमेश कोल ने बताया कि गर्रोली घाट में प्रतिमाओं का विसर्जन प्रातःकाल से शुरु हो गया था। यहां नौगांव नगर पालिका द्वारा बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए हाइड्रा की व्यवस्था की गई साथ ही बैरिकेड्स भी लगाए गए, जिनके अंदर किसी व्यक्ति जाने नहीं दिया गया।

### हकीकत या अफवाह : अज्ञात उड़ते ड्रोन से फैली दहशत

# ग्रामीण इलाकों में बना दिया डर का माहौल

**ग्रामीणों का आरोप : चोर पहले ड्रोन कैमरों से रैकी करते, फिर चोरी की वारदात को अंजाम देते**

**पुलिस अधीक्षक ने कहा किसी भी अफवाहों पर ना दें ध्यान, तत्काल डायल 112, कंट्रोल रूम नंबर 8815765831 को सूचित करें**

रात के अंधेरे में जब लोग दिन भर की थकान के बाद सुकून की नींद लेना चाहते है, तभी आसमान में एक चमकती हुई रोशनी दिखाई देती है, यह रोशनी किसी तारे की नहीं, बल्कि उड़ते हुए ड्रोन कैमरों की बताई जा रही है।





छतरपुर।

छतरपुर जिले में कुछ दिनों से आसमान में उड़ते अज्ञात ड्रोन कैमरों ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। रात के समय तेज रोशनी के साथ उड़ते इन ड्रोन कैमरों के देख लोग डर के साए में जी रहें है। गांव में लोग अब रात में सोने की बजह छत पर रातभर जग कर पहरा दे रहें है। सोशल मीडिया पर वायरल बीडियों के आधार पर ग्रामीण इलाकों मे लोग रातभर जाग कर पहरा दे रहें है। चंद्रनगर क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि यह अज्ञात ड्रोन कैमरे चोर गिरोह द्वारा उड़ाए जा रहें है जो घरों की स्थिति ,सम्पति और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी इक्कठा कर चोरी की घटना को अंजाम देते है। इसलिए गांव के लोग रातों को जाग कर लाठी डड़े और टार्च लेकर अपने अपने घरों की रखवाली करने में लगे हुए है। हालांकि कुछ समय से गांव मे ग्रामीण रात में सो नही पा रहें है रात को आसमान में दिखाई देने बाले ड्रोन कैमरे कहां से आ रहें है, पुलिस भी अभी तक यह सब पता करने में नाकाम है। इस संबंध में अभी तक जिला प्रशासन एवं पुलिस की तरफ से आम जनता के लिए कोई एडवाईजरी जारी नही की गई है। जिससे ड्रोन को लेकर जिले भर में दहशत का माहौल है, और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग चोरी की घटनाओं के भय से रातों रतजगा कर रहें है।

बमीठा थाना क्षेत्र की चंद्रनगर चौकी के अंतर्गत ग्राम इमलिया के हार में घर बनाकर रहने वाले एक परिवार के घर के ऊपर पहले ड्रोन उड़ता रहा फिर उसी के घर में चोर घुसे लड़के की नीदं खुल गई तो उसे चाकू मारा जिससे वह घायल हो गया। और उसे अस्पताल भर्ती कराया गया घायल लड़के मां चम्पा ने बताया कि रात 11 बजे उसके घर के ऊपर ड्रोन उड़ता रहा इसके बाद चोरों ने घर में घुसकर चोरी की लेकिन उसके लड़के की नींद खुल गई तो उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। इसके पहले राजनगर क्षेत्र के एक गांव में कई लोग सदिंग्ध हालात में पाए गए थे जिन्हें ग्रामीणों ने जमकर पीटा था और फिर उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया था। कुल मिलाकर जिले भर में एक महीने से ड्रोन उडने फिर चोरी होने की बात को लेकर लोग पूरी तरह से दहशत में है। औरयहां तक की पुलिस द्वारा कोई कदम ना उठाएं जाने के कारण लोग कानून तक हाथ में लेने को तैयार हो गए है।

### बम्हौरी क्षेत्र में प्लेन गिरने की फैली अफवाह

शनिवार की सुबह 9 बजे के लगभग एक खबर फैली की बक्सवाहा थाना क्षेत्र की बम्हौरी चौकी अंतर्गत एक प्लेन गिर गया। इस बात की जानकारी बक्सवाहा टीआई जीतेन्द्र बर्मा को मिलने पर वह दलबल के साथ बम्हौरी चौकी क्षेत्र में निकल गये, लेकिन पूरे दिन क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद उन्हें ना तो कहीं प्लेन गिरा मिला और ना ही कोई अन्य चीज। इस तरह की घटना को टीआई ने पूरी तरह से अफवाह बताया, इसी तरह थाना ईशानगर के अंतर्गत ग्राम परापट्टी में भी ड्रोन गिरने की और चोरों के घूमने की खबर फैली थी जिस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए थाना प्रभारी मनोज गोयल ने बताया कि ऐसा कुछ नही था लेकिन 4 लोग सदिंग्ध हालात में पकड़े गए है। जिन पर कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा किसी भी अफवाहों पर ना दें ध्यान, तत्काल डायल 112, कंट्रोल रूम नंबर 8815765831 को सूचित करें - पुलिस अधीक्षक आगम जैन ने कहा कि हमारी टीम लगातार काम कर रही है। गौरिहार थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव में एक ड्रोन गिरा था जिस की जांच की जा रही है। जिले में अभी तक ऐसी कोई खबर नही मिली है कि ड्रोन से रैकी कर चोरी की गई हो। हमारी पुलिस टीम लगातार निगरानी कर रही है। जैसे ही कोई जानकारी मिलती है, तो उस पर कार्यवाही की जाएगी। लेकिन आम जनता अफवाह पर ध्यान ना दें और अनावश्यक भयभीत न हो, तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने जिले के आमजनमानस से अपील की है कि इस तरह की कोई भी जानकारी लगने पर डायल 112 और पुलिस कंट्रोल रूम 8815765831 पर सूचना दें, ताकि पुलिस मौके पर पहुंच सकें। मैने डायल 112 के अलावा भी पुलिस कट्रोल रूम को भी बता रखा है।

# रंग बिरंगी आतिशबाजी के साथ अहंकारी लंकापति रावण का हुआ दहन, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा मैदान

नौगांव।



असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व गुरुवार को शहर के मेला ग्राउंड दशहरा मैदान पर हर्षोल्लास और परंपरा के साथ मनाया गया राम दरबार की भव्य झांकी सजाकर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, और हनुमान ने लोगों को आकर्षित किया महासंग्राम युद्ध के दौरान गोधूली के बेला में विभीषण के सहयोग से प्रभु श्रीराम के बाण से रावण के वध के साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत हो गई। जिसके बाद रामभक्त हनुमान ने पूरे दशहरा मैदान में घूमने के बाद सात बजकर 20 मिनट पर रावण के 51 फुट के पुतले का दहन किया गया।शहर की श्रीरामलीला समिति द्वारा आयोजित होने वाले रामलीला महोत्सव में गुरुवार की शाम असत्य पर सत्य की विजय के पर्व विजयादशमी के मौके पर दशहरा मैदान में श्रीराम और लंका पति रावण के बीच घमासान युद्ध की लीला का सजीव मंचन हुआ। जिसके लिए भगवान राम और लंकेश अपने अपने रथों में सवार होकर युद्ध मैदान के लिए निकले। दशहरा मैदान में रामलीला के दौरान भगवान राम और रावण के बीच युद्ध चलता रहा जिसमें भगवान राम की वानर सेना और लंकेश की राक्षस सेना के बीच खूब जोर आजमाईश चलती रही। इस बीच लीला को आकर्षक एवं रोमांचक बनाने के लिए समिति के द्वारा दशहरा मैदान पर बेहतरीन तरीके से लाइटिंग एवं आर्केस्टा का आयोजन किया गया। आर्केस्टा के माध्यम से दशहरा को सजीव रूप से महासंग्राम, यही रात अंतिम यही रात भारी, निर्णय की घड़ी अब आई है...जैसे अनेक गीत प्रस्तुत कर समारोह को और अधिक आकर्षक एवं धर्ममय बना दिया। श्रीराम और रावण के मध्य चले महासंग्राम युद्ध के अंत में विभीषण के सहयोग से प्रभु राम ने अहंकारी रावण की नाभि में वार कर उसका वध करते हुए रावण का अंत कर दिया। रावण का वध होते ही दशहरा मैदान जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। इसके बाद राम भक्त हनुमान ने अशोक वाटिका से माता सीता को प्रभु श्रीराम के पास ले आए। जिसके बाद पूरा दशहरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। इसके बाद हनुमान जी ने पूरे मैदान की परिक्रमा करने के बाद रावण के 51 फुट रुपी पुतले और उसकी लंका का दहन किया। रावण दहन होते ही लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर दशहरा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दशहरा मैदान में राम रावण युद्ध की लीला को देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर के बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम लगा रहा मौजूद रहा।

### 20 मिनट की देरी से हुआ लंकापति के पुतले का दहन

मेला ग्राउंड दशहरा मैदान में राम रावण महा संग्राम युद्ध के बाद श्रीराम ने विभीषण के सहयोग से रावण का वध कर दिया। रावण का वध होते ही पूरे मैदान में जयश्रीराम गूंज उठा। इसके बाद बाद राम भक्त हनुमान ने 7:20 बजे 51 फुट के रावण रुपी पुतले का दहन किया गया। इस दौरान कलेक्टर पार्थ जायसवाल, एसपी अगम जैन, क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह, एसडीएम गोपाल शरण पटेल तहसीलदार रमेश कोल नायब तहसीलदार प्रदीप सिंह लोधी एसडीओपी अमित मेश्राम थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे सहित प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अलावा रामलीला समिति से जुड़े सदस्य, जनप्रतिनिधि सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 57 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने की केंद्र सरकार से मिली मंजूरी

**नौगांव।** छतरपुर जिले के नौगांव एवं बड़ामलहरा सहित देशभर में खुलने वाले 57 केंद्रीय विद्यालय को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने मंजूरी दे दी है। बैठक में कैबिनेट ने 5862 करोड़ रुपए से अधिक के बजट को भी स्वीकृत किया है, उल्लेखनीय है कि पहली बार इन 57 केंद्रीय विद्यालयों को बाल वाटिका, यानी बुनियादी चरण (प्री-प्राइमरी) के 3 वर्षों के साथ मंजूरी दी गई है। नौगांव में 5 वर्ष से प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय की कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अब विद्यालय का सपना साकार होने जा रहा है। दशहरा के एक दिन पूर्व दिल्ली में आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की बैठक में देशभर के विभिन्न राज्यों में खुलने वाले प्रस्तावित 57 नए केंद्रीय विद्यालय प्रारंभ करने को मंजूरी प्रदान कर दी है। 57 नए खुलने विद्यालयों की सूची में छतरपुर जिले के नौगांव और बड़ामलहरा में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय को भी शामिल किया गया है। मंजूरी मिलने के बाद अब नौगांव में जल्दी ही केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन की टीम दौरा निरीक्षण कर कार्रवाई करेगी। छतरपुर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य मनीष रूसिया ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी और बजट की स्वीकृति मिलने के बाद अब नौगांव और बड़ामलहरा का केंद्रीय विद्यालय खुलना तय हो गया है। अब जल्दी ही केंद्रीय विद्यालय संगठन की टीम का पत्र प्राप्त होते ही टीम निरीक्षण करेगी, निरीक्षण के दौरान अस्थाई भवन और जमीन का मौका मुआयना कर अपनी रिपोर्ट संगठन को भेजेंगे। ज्ञात हो कि केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डाक्टर वीरेंद्र कुमार ने पांच वर्ष पहले 2019 में नौगांव शहर में केंद्रीय विद्यालय खुलवाने की घोषणा की थी, जिसके बाद प्रस्तावित विद्यालय को लेकर पत्राचार प्रारंभ हुआ, और केंद्रीय विद्यालय संगठन टीम ने आकर अस्थाई भवन एवं प्रस्तावित भवन भूमि का निरीक्षण किया था। जिसके बाद छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव में केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए विद्यालय संगठन स्तर पर पूरी तैयारी करते हुए, अस्थाई भवन में स्कूल संचालन के लिए पॉलिटेक्निक भवन का अधिग्रहण, जमीन अलॉटमेंट होने के बाद स्कूल की स्वीकृति के लिए फाइल कैबिनेट स्तर पर मंजूरी के लिए भेज दी थी।

**कक्षा लगाने के लिए भेजी थी बिल्डिंग की ओके रिपोर्ट** - स्कूल संचालन के लिए प्रशासन द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन में उपलब्ध कराने की बात कही। प्रशासन ने सांसद निधि से भवन में केवी संगठन के द्वारा बताए अनुसार इंफ्रास्टक्चर में सुधार कार्य करवा दिया, जिसके बाद जबलपुर से आई केंद्रीय विद्यालय संगठन की टीम ने भवन व लोकेशन देखी। टीम के अधिकारियों ने सारी व्यवस्था सही मिलने पर पॉलिटेक्निक कॉलेज में कक्षा शुरू कराने के लिए 23 फरवरी 2023 को ओके रिपोर्ट भी भेज दी थी।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में लगेगा अस्थाई केंद्रीय विद्यालय

कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद अब केंद्रीय विद्यालय अस्थाई तौर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के भवन में लगेगा। पॉलिटेक्निक कॉलेज में अस्थाई केंद्रीय विद्यालय लगाने के लिए केवी संगठन के पैरामीटर एवं निर्देश पर पहले से तैयारी पूरी कर ली है। जिसके तहत सांसद निधि से कॉलेज के 17 कमरों में मेंटीनेंस का कार्य सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं।केंद्रीय कैबिनेट से स्वीकृति मिलने पर अब केवीएस की टीम विद्यालय के लिए अस्थाई भवन का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट भेजेगी, जिसके बाद केवीएस के द्वारा स्टाफ आदि उपलब्ध कराकर विद्यालय प्रारंभ किया जाएगा।

### इनका कहना है

केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अब नौगांव और बड़ामलहरा में केंद्रीय विद्यालय खुलना तय हो गया है। मंजूरी मिलने के बाद आगामी दिनों में केवीएस से पत्र मिलने के बाद विद्यालय संचालन के लिए अस्थाई भवन एवं भवन निर्माण के लिए भूमि का दौरा निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट संगठन को भेजेंगे।

**मनीष रूसिया**
प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय छतरपुर

# अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया युवक

छतरपुर।



सिविल लाइन पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान अवैध हथियार के साथ एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। सतई रोड पर गल्ला मंडी मैदान में छापेमारी कर 315 बोर देशी कट्टा और कारतूस जब्त किए गए। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। बताया गया है कि बीती रात पुलिस को सतई रोड में अवैध हथियारों के साथ संदिग्ध की सूचना मिली। पुलिस टीम ने गल्ला मंडी मैदान पर घेराबंदी कर आरोपी अंश प्रताप सिंह बुंदेला उर्फ अंशु पुत्र पंचम सिंह बुंदेला, निवासी ग्राम सांदनी थाना सतई जिला छतरपुर को पकड़ा। तलाशी में अवैध 315 बोर देशी कट्टा और कारतूस बरामद हुए। आरोपी को गिरफ्तार कर आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

### फांसी के फंदे पर लटकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

# अज्ञात कारणों से महिला ने की आत्महत्या

हरपालपुर।



नगर से सटे उत्तरप्रदेश के महोबकंठ थाना क्षेत्र की सौंरा चौकी क्षेत्र में शनिवार को एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। महिला के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया, जिस पर पुलिस ने पति सहित चार लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरु की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक डालचंद्र विश्वकर्मा के पुत्र सुनील की शादी 11 दिसंबर 2022 को कुलपहाड़ निवासी रामनरेश विश्वकर्मा की बेटी प्रियंका विश्वकर्मा के साथ हुई थी। शनिवार को अज्ञात कारणों के चलते प्रियंका ने घर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रियंका के पिता रामनरेश विश्वकर्मा ने बताया कि बेटी की शादी में उन्होंने ससुराल वालों को उपहार स्वरूप 5 लाख रुपए नगद, सोनी-चांदी के गहने और कपड़े दिए थे, लेकिन ससुराल वालों द्वारा चार पहिया वाहन की मांग की जा रही थी। रामनरेश का आरोप है कि यही मांग पूरी न होने के कारण प्रियंका के ससुर डालचंद्र, पति सुनील, सास रामदेवी और ननद खुशबू ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई है। उनके अनुसार शुक्रवार की देर रात घर में विवाद हुआ, जिसके बाद प्रियंका ने फोन लगाकर उन्हें जानकारी दी थी। सुबह उन्हें सूचना मिली कि प्रियंका ने आत्महत्या कर ली है।

मौके पर पहुंचे सौंरा चौकी प्रभारी ने घटना की जानकारी महोबकंठ थाना एसएचओ को दी। जिसके बाद कुलपहाड़ तहसीलदार, कुलपहाड़ सीईओ रविकांत गौर और फॉरेंसिक टीम मौके पर आई। तहसीलदार की मौजूदगी में पुलिस ने पंचनामा बनाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीईओ रविकांत गौर ने बताया कि मृतिका के पिता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तालाब में पड़े मिले सैकड़ों मतदाता परिचय पत्र

**कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना, शुरु हुई जांच**

छतरपुर।

पूरे देश में इन दिनों वोट चोरी का मुद्दा गरमाया हुआ है और आए दिन नए खुलसे हो रहे हैं। इसी बीच शनिवार को जिले के बिजावर नगर के एक तालाब में 31 मतदाता परिचय पत्र मिलने से हड़कंप मच गया। एक ओर जहां प्रशासनिक अमले ने मामले की जांच शुरु की है, तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने मामले को गंभीर बताते हुए वर्तमान सरकार पर सवालों की बौछार करना शुरु कर दी है।

मामला बिजावर के राजा तालाब का है, जहां शनिवार को कुछ सफाईकर्मी, सफाई कार्य कर रहे थे। इसी दौरान सफाईकर्मियों को तालाब के अंदर एक बैग मिला। बैग को बाहर निकालकर जब खोला गया तो उसके भीतर से सैकड़ों मतदाता परिचय पत्र मिले और तुरंत यह खबर जंगल की आग की तरह पूरे जिले में फैल गई। स्थानीय निवासी रितेश अग्निहोत्री, हीरालाल साहू आदि ने बताया कि सभी मतदाता परिचय पत्र बिजावर के वार्ड नंबर 15 के रहने वाले लोगों के हैं, लेकिन यह तालाब में कैसे पहुंचे इसका जवाब किसी के पास नहीं था। उनका यह भी कहना था कि ये वही मतदाता परिचय पत्र हैं, जो लोगों को अब तक बांटे नहीं गए हैं। मामले की जानकारी तत्काल अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। सभी मतदाता परिचय पत्रों को कब्जे में लेने के बाद अधिकारियों ने कहा कि संबंधित बीएलओ से इस संबंध में पूछताछ की जाएगी। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।



वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की संभागीय प्रवक्ता दीप्ति पांडे ने इस मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की हत्या के यह जीते-जागते प्रमाण हैं जो हमारे छतरपुर जिले को शर्मसार कर रहे हैं। इतनी भारी मात्रा में वोटर आईडी कार्ड मिलना बताता है कि छतरपुर में कांग्रेस को कैसे हरवाया गया। भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार के नुमाइंदों द्वारा लोकतंत्र की हत्या के जो प्रयास लगातार किए जा रहे हैं, यही उसी बात का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग हो या सरकारी एजेंसियां, पूरा तंत्र भारतीय जनता पार्टी को जिताने में लगा है। मोदी सरकार के इशारों पर यह सब हो रहा है। बिजावर का यह बड़ा मामला सामने आया है, जाँच होनी चाहिए। इसी तरह कांग्रेस जिला अध्यक्ष गगन यादव ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने पूरे देश में एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा उठाया है, वोट चोरी का, तो वो कहीं ना कहीं छतरपुर जिले भी उससे अछूता नहीं रहा, क्योंकि छतरपुर जिले की बिजावर विधानसभा में तालाब में सैकड़ों की तादाद में मतदाता कार्ड मिले हैं। प्रशासन को इसकी जांच करानी चाहिए और निर्वाचन आयोग और प्रशासन को इसकी जांच कराकर इसकी पुष्टि करना चाहिए कि वोटर आईडी कार्ड कहां से आए। अन्यथा की स्थिति में कांग्रेस पार्टी अपनी तरफ से जांच करेगी और आंदोलन करेगी।

बिजावर एसडीएम विजय द्विवेदी ने कहा कि तालाब किनारे मिले कुल 31 वोटर कार्ड को जब्त कर जांच कराई जा रही है। वर्तमान एवं पूर्व के बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जो भी लोग इसमें दोषी पाए जाएंगे उन पर कार्यवाही की जाएगी।

